(ग) गुजरात में पिछले तीन वर्षों के दौरान की गई पैक्ड एल०पी०जी० की आपूर्ति निम्नानुसार है :—

वर्ष	आंकड़े एम०टी० में
1989–90	168809
1990–91	175985
1991–92	205517

सरकार के विचाराधीन गुजरात की परियोजनाएं/योजनाएं

3725. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात की कितनी तेल परियोजनाएं/योजनाएं सरकार के विचाराधीन हैं ;

(ख) इन्हें स्वीकृति प्रदान करने में होने वाले विलम्बों के कारण क्या हैं; और

(ग) इन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान किए जाने की संभावना है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (ग) गुजरात राज्य के संबंध में इंडियन आयल कारपोरेशन के दो परियोजना प्रस्ताव हैं, यथा—

(1) कांडला में एल० पी० जी० सुविधाओं की स्थापना, और

(2) कोयाली रिफाइनरी की क्षमता को बढ़ाकर 3 एम० एम० टी० पी० ए० करना ।

ये प्रस्ताव पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संसाधन के विभिन्न चरणों में हैं ।

पैट्रोलियम पदार्थों का उत्पादन और खपत

3726. **श्री शिवचरण माथुर :** क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पैट्रोलियम पदार्थों का कितना उत्पादन हुआ और पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी कितनी खपत हुई ;

(ख) इन पदार्थों की खपत का राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा इनकी खपत में वर्ष-वार कितनी-कितनी वृद्धि हुई ;

(ग) राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में इनके बिक्री मूल्यों में भारी अंतर के कारण क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार देश भर में इन उत्पादों की बिक्री समान दर पर करने की व्यवस्था करने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान पैट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन एवं खपत निम्नवत् है:—

(संख्याएं हजार मी० टनों में)

	उत्पादन	(एल पी एल) को अलग करके खपत
1989–90	49459	54095
1990–91	49491	55035
1991–92	49584	56830

(ख) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है । (नीचे देखिए ।)

(ग) और (घ) : पैट्रोलियम उत्पादों की भंडारों पर कीमतें पूरे देश में समरूप हैं । तथापि, स्थानीय करों/शुल्कों की अदायगी और खुदरा बिक्री केन्द्रों तक परिवहन अदायगियों के ऊपर निर्भर करते हुए इन उत्पादों की खुदरा बिक्री कीमतें स्थान दर स्थान भिन्न होती हैं और देश भर में इसकी समरूपता व्यवहार्य नहीं है ।

विवरण

वर्ष 1989–90, 1990–91 और 1991–92 के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की अपत के राज्यवार विवरण

राज्य	1989–90	ृ द्धि	1990–91	%वृद्धि	1991–92	%वृद्धि
आन्ध्र प्रदेश	3329	13.9	3342	3.5	3447	3.1
असाम	1051	11.2	1032	−1.8	1003	−2.8
बिहार	2019	5.3	2858	1.4	2849	−0.3
गोआ	612	7.9	618	0.9	675	9.3
गुजरात	5541	2.2	5702	2.9	6066	6.4
जम्मू और कश्मीर	305	3.7	294	−3.7	335	14.0
केरल	1799	2.8	1914	6.4	1977	3.3
मध्य प्रदेश	2505	8.7	2466	−1.6	2555	3.6
तमिलनाडु	4909	6.5	4817	−1.9	5020	4.2
महाराष्ट्र	9007	6.8	9449	4.9	9295	−1.6
कर्नाटका	2350	6.6	2463	4.8	2582	4.8
उड़ीसा	1088	9.7	1128	3.7	1200	6.4
पंजाब	2510	14.2	2698	7.5	2949	9.3
राजस्थान	2455	6.5	2267	−7.7	2436	7.5
उत्तर प्रदेश	5571	9.5	5551	−0.4	5973	7.6
पश्चिम-बंगाल	3404	6.6	3428	0.7	3327	−2.9
हरियाणा	1602	19.9	1704	6.4	1812	6.3
हिमाचल प्रदेश	189	11.0	189	−0.1	211	11.8
मणीपुर	70	−0.4	66	−6.0	69	4.8
मेघालय	100	16.0	105	4.8	111	5.9
नागालैण्ड	57	3.2	56	−2.1	52	−6.9
सिक्किम	16	−1.6	18	11.4	19	6.6
त्रिपुरा	80	20.8	69	14.1	65	−5.6
अन्डमान और निकोबार	56	18.6	54	−4.0	49	−9.0
अरूणाचल प्रदेश	60	39.0	69	14.7	75	9.0
चण्डीगढ़	191	6.6	163	−14.8	188	15.5
दिल्ली	2294	17.9	2285	−0.4	2264	−0.9
दादरा और नागर हवेली	22	67.3	24	8.2	24	0.7
दमन और दीव	15	63.9	16	5.4	17	7.5
लक्षद्वीप	6	187.5	7	13.7	7	2.4
मिजोरम	43	22.1	43	−0.5	31	−27.8
पांडिचेरी	116	21.8	122	5.0	133	9.2
भूटान	33	26.0	32	−3.7	34	6.8
अखिल भारतीय स्तर पर जोड़	54095	8.2	55035	1.7	56843	3.3